ईडीआईआई से सामाजिक उद्यमिता में स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए की पढ़ाई

सामाजिक समस्याओं को हल करने वाले उद्यमों को बल देने की पहल

जुलाई से शुरूआत, अभी तक दो क्षेत्र में ही स्पेशलाइजेशन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अहमदाबाद. केन्द्र सरकार ने सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टॉक एक्सचेंज शुरू करने की घोषणा की है। ऐसे में भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने भी समाज की समस्याओं को हल करने वाले उद्यमों को बढ़ावा देने की पहल की है।

जुलाई 2019-20 से ईडीआईआई ने अपने प्रतिष्ठित एमबीए कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस एन्टरप्रिन्योरशिप (पीजीडीएम-बीई) में सोशल एन्टरप्रिन्योरशिप में स्पेशलाइजेशन शुरू किया है।

समाज की समस्याओं को हल करने पर फोकस

ईडीआईआईजी में पीजीडीएम-डेवलपमेंट स्टडीज (पीजीडीएम-डीएस) कोर्स की जगह पीजीडीएम-बीई में सोशल एन्टरप्रिन्योरशिप में स्पेशलाइजेशन शुरू किया है। इसका उद्देश्य समाज की समस्याओं को हल करने वाले उद्यमों को बढ़ावा देना है, ताकि वे सिर्फ मुनाफा ही नहीं कमाएं, समाज की समस्याओं को हल करने का दायित्व भी निभाएं। इस क्षेत्र में व्यापक अवसर हैं।

-डॉ.सुनील शुक्ला, निदेशक, ईडीआईआई, अहमदाबाद

अभी तक न्यू एन्टरप्राइज क्रिएशन और फैमिली बिजनेस मैनेजमेंट में स्पेशलाइजेशन किया जा सकता है। जुलाई-2019 से सोशल एन्टरप्रिन्योरशिप में भी स्पेशलाइजेशन किया जा सकेगा।

ईडीआईआई के एसोसिएट सीनियर प्राध्यापक सत्य रंजन आचार्य बताते हैं कि गांवों में तेजी से बाजार पैर पसार रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भी समाज की समस्याओं को हल करने वाले उद्यमों के विकास के अवसर पैदा हुए हैं। उसे भुनाने की तमन्ना रखने वाले विद्यार्थियों को इस स्पेशलाइजेशन से मदद मिलेगी।